3171 - क्रोधी पत्नी

प्रश्न

मेरी पत्नी शीघ्र उत्तेजित हो जाने वाली है, वह मुझसे, और बच्चों तथा किसी भी व्यक्ति से जल्दी गुस्सा हो जाती है, मैं ने इस संबंध में उससे बातचीत की, वह इसे मानती है फिर माफी माँगती है। क्या क़ुर्आन की कुछ ऐसी आयतें या हदीसें हैं जिन्हें उसके ऊपर पढ़ा जाये ताकि वह शांत हो जाए। इसके अलावा वह एक महान पत्नी है।

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

आप इस प्रश्न का विस्तार से उत्तर इस साइट पर किताबों के कोने में प्रदर्शित पुस्तक “समस्याएँ और समाधान” के अंदर पायेंगे। इसी तरह प्रश्न संख्या (658) में भी इसका उत्तर पा सकते हैं। उसका माफी माँगना इस बात को इंगित करता है कि उसे पछतावा और अपनी गलती का एहसास है, और यह उपचार का पहला क़दम है। अत: आप उसे याद दिलायें कि घर के अंदर उसका एक स्थान है और वह अपने बच्चों के सामने एक आदर्श है, और यह बुरी आदत उनके अंदर प्रवेश कर सकती है और उनका व्यक्तित्व इस स्वभाव को ग्रहण कर सकता है, इस तरह यह अपराध विस्तृत प्रभाव वाला हो जायेगा, और आपकी सहनशीलता उसके लिए काफी हो जानी चाहिए, और आपका यह मानना कि वह एक माँ और अच्छी पत्नी है नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के इस हदीस का स्मरण कराती है, आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का फरमान है : “कोई ईमान वाला आदमी किसी ईमान वाली महिला से नफरत न करे, यदि उसका कोई स्वभाव उसे नापसंद है तो उसके किसी अन्य स्वभाव से वह खुश होगा।” इस हदीस को मुस्लिम (हदीस संख्या : 2672) ने रिवायत किया है। इमाम नववी रहिमहुल्लाह ने इस हदीस की व्याख्या करते हुए फरमाया : उसे चाहिए कि उससे द्वेष न रखे, क्योंकि यदि वह उसके अंदर कोई घृणित स्वभाव पाता है तो वह उसके अंदर कोई पसंदीदा स्वभाव भी पायेगा जैसे कि वह कठोर स्वभाव वाली है परंतु वह दीनदार (धर्मनिष्ठ) या सुंदर या पवित्र, या उस पर आसानी करनेवाली होगी, इत्यादि।” अंत हुआ।

हम अल्लाह तआला से आपकी पत्नी के लिए मार्गदर्शन और चिष्टाचार व अच्छे व्यवहार का प्रश्न करते हैं, तथा अल्लाह तआला हमारे ईश्दूत मुहम्मद पर दया व शांति अवतरित करे।